उत्तर : निकोबार जिले में समन्वित जन जाति विकास परियोजना चल रही है । परियोजना क्षेत्र में समस्त निकोबार जिला शामिल है । समन्वित जनजाति विकास परियोजना के संचालन के लिए समन्वित जनजाति विकास अभिकरण है । इसके ~~xxxx~~ अध्यक्ष उपायुक्त, निकोबार हैं । और जनजाति क्षेत्र में कार्यरत विभागाध्यक्ष तथा निकोबार जिले के गाँवों के मुखिया (चीफ) इसके सदस्य तथा परियोजना अधिकारी सदस्य सचिव के रूप में इस परियोजना को लागू करते हैं ।

बंधुआ मज़दूर

प्र.सं. 19(1)(क) क्या इस संघ राज्य क्षेत्र में बँधुआ मज़दूर से सम्बन्धित किसी घटना का निर्धारण किया गया है ?

उत्तर : इस संघ राज्य क्षेत्र में बंधुआ मज़दूर से सम्बन्धित कोई घटना प्रशासन की जानकारी में नहीं आई ।

प्र.सं. 19(1)(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने बँधुआ मज़दूरों को मुक्त किया गया और पुनःस्थापित किया गया ।

प्र.सं. 19(1)(ग) क्या इनमें सहकारी आवास योजना को बढ़ावा देने हेतु कोई कदम उठाया गया ?

प्र.सं. 19(1)(घ) बँधुआ मज़दूरी प्रथा को समाप्त करने हेतु संघ राज्यक्षेत्र में क्या कदम उठाए गए ?

उत्तर (क) : उपर्युक्त उत्तर (क) के अनुसार प्रश्न ही नहीं उठता

प्र.सं. 19(11) इन्दिरा विकास योजना के अन्तर्गत इस संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों को पुनः बसाने हेतु कितने निवास (इकाईयाँ) स्थानों का निर्माण किया गया है और उन्हें विभिन्न वर्गों के लोगों में कैसे बाँटा गया ।

उत्तर : इन्दिरा विकास योजना के अन्तर्गत कुल मिला कर 165 निवास स्थानों (आवास एकक) का निर्माण किया गया और इन्हें मात्र अनुसूचित जनजातियों को आबंटित किया गया ।